तैयारी

पीएमओ की रजामंदी के बाद मंडलायुक्त जल्द ही आईआईटी के विशेषज्ञों से करेंगे चर्चा

कानपुर से कोलकाता तक शुरू होगा जलमार्ग

अमर उजला ब्यूरो

कानपुर। गंगा रिवरफ्रंट के बाद अब महानगर से कोलकाता के बीच राष्ट्रीय जलमार्ग यातायात परियोजना की तैयारी शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय से इस परियोजना की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए हरी झंडी मिल गई है। अब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने का काम शुरू होगा। जलमार्ग खुल जाने से माल का परिवहन सस्ता हो जाएगा। इससे लोगों को महंगाई से भी राहत मिलेगी।

मंडलायुक्त ने बताया कि सरकार प्रदेश में जलमार्ग को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। परियोजना का सर्वे कराने और अन्य प्रक्रियाओं के लिए आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श होगा। सांसद रमेश अवस्थी ने दो फरवरी को प्रधानमंत्री कार्यालय को यह प्रस्ताव भेजा था। कानपुर से वाराणसी तक जलमार्ग की दूरी 200 किलोमीटर है। वहीं सड़क मार्ग से यह दूरी 335 किमी के लगभग है। प्रस्ताव में एक समन्वित जलीय परिवहन प्रणाली स्थापित करने की बात है। इससे कार्गो परिवहन आसान हो जाएगा और यह रेल व सड़क मार्ग से 50 फीसदी सस्ता होगा। जलमार्ग से उत्पादों की कीमत में भी कमी आने की उम्मीद है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के लिए आर्थिक विकास का नया मार्ग खोलेगी।

200 किमी दूरी जलमार्ग से कानपुर से वाराणसी तक सड़क मार्ग से 335 किमी

वाराणसी में रोपवे का किराया तय

वाराणसी। रोपवे के किराये को नए सिरे से तय कर दिया गया है। कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया तक सफर के लिए 50 रुपये, कैंट से रथयात्रा 40 रुपये और कैंट से काशी विद्यापीठ तक 30 रुपये किराया प्रस्तावित किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कमिश्नर एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने किराया निर्धारण कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। देश के पहले शहरी रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इसी क्रम में रोपवे का किराया नए सिरे से तय कर लिया गया है। प्रस्ताव के अनुसार कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया तक यात्रा के लिए 50 रुपये किराया रखा गया है। ब्यूरो

ग्रेनो में एयरलाइंस कंपनियों को शेड्यूल बनाने के निर्देश

ग्रेटर नोएडा (ग्रेनो)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 45 दिनों में यात्री उड़ानें शुरू हो जाएंगी। इसे देखते हुए एयरलाइंस कंपनियों से फ्लाइट शेड्यूल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। शेड्यूल के तैयार होने के बाद कंपनियां टिकट की बुकिंग भी शुरू कर सकेंगी। इस बीच नोएडा एयरपोर्ट का भव्य उद्घाटन भी किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। सोमवार को राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री नागरिक उड्डयन के राममोहन नायडू ने यह जानकारी राज्यसभा में दी। उन्होंने जल्द ही नोएडा एयरपोर्ट से कॉमर्शियल उड़ानें शुरू होने के संकेत दिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सेफ्टी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की गहन जांच और विमर्श के बाद महानिदेशक नागरिक उड्डयन से मिलने वाले एयरोड्रम लाइसेंस को जारी कर दिया है। ब्यूरो

बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर में पार्किंग बनाएगा यमुना प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के लिए जरूरी पार्किंग का विकास यमुना प्राधिकरण करेगा। टूरिस्ट काम्प्लेक्स के रूप में इस पार्किंग को पीपीपी मॉडल पर बनाए जाने की योजना है। यहां वाहनों को खड़ा करने के अलावा श्रद्धालुओं को विश्राम करने के अलावा अन्य जनसुविधाएं जैसे टॉयलेट, नहाने आदि की भी सुविधा मिल सकेगी। करीब 17.5 एकड़ में इस पार्किंग का विकास यमुना प्राधिकरण जल्द ही शुरू करेगा। सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के कुछ कामों को यमुना प्राधिकरण की हेरीटेज सिटी परियोजना में शामिल कर लिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र का बेहतर विकास किया जा सकेगा। ब्यूरो